# प्रसार भारती / PRASAR BHARATI

(भारत का लोक सेवा प्रसारक / India's Public Service Broadcaster)

**राष्ट्रीय प्रसारण एवं मल्टीमीडिया अकादमी**

**National Academy of Broadcasting and Multimedia**

**रेडियो कॉलोनी / Radio Colony**

**किंग्ज़वे, दिल्ली-110009 / Kingsway, Delhi-110009**

संख्या: रा.प्र.म.अ./32(1)/बैठक/हिन्दी-2017/ दिनांक: 03.10.2019

सेवा में,

महानिदेशक आकाशवाणी,
[नामत: सत्य प्रकाश, संयुक्त निदेशक, (राजभाषा)],
कमरा नम्बर - 130, आकाशवाणी भवन,
आकाशवाणी महानिदेशालय,
संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

**विषय: राष्ट्रीय प्रसारण एवं मल्टीमीडिया अकादमी, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त ।**

महोदय,

इस कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक श्री सुमीत गोयल, उप-महानिदेशक (प्रशासन), की अध्यक्षता में दिनांक 27.09.2019 को अपराह्न 02.45 बजे संपन्न हुई । बैठक का कार्यवृत्त आपके अवलोकनार्थ संलग्न है ।

भवदीय,

( सुखजीत सिंह )
उप-निदेशक (अभि०/कार्यालयाध्यक्ष)
कृते अपर महानिदेशक (प्रशिक्षण)

संलग्न : यथोपरि ।

प्रतिलिपि :-

1. अपर महानिदेशक के निजी सचिव ।
2. उप-महानिदेशक (प्रशासन / प्रशिक्षण / कार्यक्रम ) ।
3. उपस्थित सदस्यगण (अनलग्नक-I) / सभी संकाय सदस्य ।
4. प्रशिक्षण एकक / प्रशासन अनुभाग / लेखा अनुभाग / पुस्तकालय / कार्यक्रम अनुभाग / होस्टल ।
5. श्री पी० आर० राव, सदस्य सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (री दिल्लीउत्त), पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, राष्ट्रीय जीन बैंक, एनआर.जी.पी.बी.., पुराना परिसर, पूसा, नई दिल्ली - 1100012
6. प्रमुख अभियंता, आकाशवाणी महानिदेशालय, आकाशवाणी भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली-1100001
7. प्रमुख अभियंता, दूरदर्शन महानिदेशालय, दूरदर्शन भवन, कॉपरनिक्स मार्ग, नई दिल्ली-1100001

..........................2/-

8. अपर महानिदेशक (अनुसंधान एवं विकास), आकाशवाणी एवं दूरदर्शन, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली-110 002
9. अपर महानिदेशक (उत्तरी क्षेत्र), आकाशवाणी एवं दूरदर्शन, जामनगर हाऊस, शाहजहाँ रोड़, नई दिल्ली-110 011
10. अपर महानिदेशक (दक्षिणी क्षेत्र), आकाशवाणी एवं दूरदर्शन, स्वामी शिवानन्द सिलाई, चैन्न्ई-600 005
11. अपर महानिदेशक (पश्चिमी क्षेत्र), आकाशवाणी एवं दूरदर्शन, 101 एम.के. रोड़, ओल्ड सी.जी.ओ. बिल्डिंग, मुम्बई-400 020
12. अपर महानिदेशक (पूर्वी क्षेत्र), आकाशवाणी एवं दूरदर्शन, ईडन गार्डन, कोलकाता-700 001
13. अपर महानिदेशक (उत्तर-पूर्व क्षेत्र), आकाशवाणी एवं दूरदर्शन, डाक्टर पी. काकोती बिल्डिंग, गणेश गुड़ी फ्लाई ओवर, दिसपुर, गुवाहटी-781 006
14. उप-महानिदेशक, विदेश सेवा प्रभाग, पी.टी.आई. बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110 001
15. उप-महानिदेशक, ध्वन्यंकन और प्रत्यंकन कार्यक्रम विनियम सेवा, आकाशवाणी महानिदेशालय, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
16. कार्यालयाध्यक्ष, उच्च शक्ति प्रेषित्र, आकाशवाणी, किंग्जवे दिल्ली-110 009
17. विभागीय/एआरनेट वेव साईट पर अपलोड हेतु (श्री अभय कुमार, सहायक अभियंता) ।

वेबसाइट पर अपलोड/उपलब्ध

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

राष्ट्रीय प्रसारण एवं मल्टीमीडिया अकादमी, दिल्ली की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 27.09.2019 को उप-महानिदेशक (प्रशासन), श्री सुमीत गोयल की अध्यक्षता में आयोजित की गई । अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सदस्यों का बैठक में स्वागत किया और बैठक की कार्यवाही कार्यसूची के अनुसार आरंभ करने का निर्देश दिया ।

तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्य सूची में प्रदर्शित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई ।

1) सर्वप्रथम प्रभारी हिंदी अधिकारी ने समिति को विगत 06.09.2018 को माननीय प्रधानमंत्री महोदय की अध्यक्षता में आयोजित केन्द्रीय हिंदी समिति की 31 वीं बैठक में सरकारी कामकाज में सरल हिंदी और सरल अनुवाद का प्रयोग करन संबंधी प्रधानमंत्री महोदय की अपील के संबंध में आकाशवाणी महानिदेशालय से प्रापत पत्र संख्या 10/03/2008-हिंदी एकक/2403, दिनांक 01.08.2019 को उल्लेख किया । अध्यक्ष महोदय ने सभी अनुभाग अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इन सुझावों और निर्देशों का गम्भीरता से पालन करें ।

कार्रवाई : सभी अनुभागाध्यक्ष ।

2) प्रभारी हिंदी अधिकारी ने दिनांक 30.06.2019 को समाप्त तिमाही में हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्ट पर हिंदी एकक, आकाशवाणी महानिदेशालय की ओर से प्राप्त कार्यालय ज्ञापन का वाचन किया । ज्ञापन में जिन बिंदुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता बतलाई गई थी उन पर चर्चा की गई । 'क' एवं 'ख' क्षेत्रों के साथ हिंदी में किए गए पत्राचार के निर्धारित लक्ष्य से कम पाए जाने के संबंध में अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिया कि यथाशीघ्र दिए गए लक्ष्य के अनुसार इन क्षेत्रों से पत्राचार शत-प्रतिशत हिंदी में किया जाए ।

कार्रवाई : सभी अनुभागाध्यक्ष ।

3) अध्यक्ष महोदय ने कार्यालय में आम तौर पर उपयोग में आने वाले सभी प्रारूप द्विभाषी रूप से सभी कंप्यूटरों में डाले जाने के निर्देश दिए ताकि हिंदी में कर्य करने में सुविधा हो सके ।

कार्रवाई : कार्यालयाध्यक्ष / वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ।

4) पिछली तिमाही में कार्यालय से भेजे गए मूल पत्रों में 23 पत्र अंग्रेजी में भेजे गए और फाईलों में 14 टिप्पणी अंग्रेजी में की गई । इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने श्री अनिल कुमार खुराना, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को आदेश दिया कि वे एक सप्ताह में पता लगाकर बताएं कि वे 23 पत्र कौन से हैं जो अंग्रेजी में भेजे गए हैं ।

कार्रवाई : वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ।

5) सूचना पट्ट: मुख्य लिपिक, श्री दरविन्द्र कुमार ने अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया कि सिटीजन चार्टर और महिला सैल के नये सूचना पट्ट मुख्य दरवाजे के कोरिडोर में लगवा दिए गए हैं । इस पर अध्यक्ष महोदय ने केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी / केन्द्रीय सतर्कता अधिकारी का सूचना पट्ट भी शीघ्र तैयार करवाने का निर्देश दिया और यह भी निर्देश दिया कि बोर्ड न रह जाए जो प्रदर्शित करना आवश्यक हो ।

कार्रवाई : वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी / मुख्य लिपिक ।

................2/-

6) प्रभारी हिंदी अधिकारी ने बताया कि यदि किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी को कार्यालय के पत्र, नोट, दस्तावेज इत्यादि हिंदी में तैयार करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई होती है तो वे नैमित्तिक आधार पर अनुबंधन किए गए श्री आर० के० सिंह, सेवानिवृत सहायक निदेशक (राजभाषा) की मदद ले सकते हैं । श्री आर० के० सिंह हिंदी संबंधी कार्य में प्रभारी हिंदी अधिकारी को सहयोग के अतिरिक्त अनुवाद का कार्य सम्पन्न करेंगें ।

कारवाई : सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण एवं श्री आर० के० सिंह ।

7) कार्यक्रम निष्पादक, श्री हेमन्त कुमार मिश्र ने हिंदी साहित्य की तीन पत्रिकायें बैठक में के दिखाई और उन्हें खरीदने का प्रस्ताव रखा जिसे सभी ने तुरन्त स्वीकार कर लिया । पुस्तकों पर की जाने वाली राशि का 50% हिंदी की पुस्तकों के चयन एवं खरीद पर खर्च किए जाने संबंधी निर्देश पर पालन सुनिश्चित करने हेतु अध्यक्ष महोदय ने श्री हेमन्त कुमार मिश्र, डॉ० उमाशंकर सिंह और श्री अभय कुमार को नामित किया ।

कार्रवाई : श्री हेमन्त कुमार मिश्र/डॉ० उमाशंकर सिंह/श्री अभय कुमार ।

8) अध्यक्ष महोदय ने कहा कि सभी कंप्यूटर को जॉचकर यह सुनिश्चित करें कि कार्यालय के सभी कंप्यूटर में एक समान हिंदी टूल एवं यूनिकोड डाल दिया गया है ।

कार्रवाई : श्री संदीप श्रीवास्तव / आई० टी० अनुभाग ।

9) अध्यक्ष महोदय ने एन० ए० बी० एम० हॉटल के मुख्य द्वारा पर प्रदर्शित कार्यालय का नाम भी द्विभाषी करने का आदेश दिया ।

कार्रवाई : वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी / मुख्य लिपिक ।

10) मुख्य लिपिक, श्री दरविन्दर कुमार ने अध्यक्ष महोदय का ध्यान इस ओर दिलाया कि कार्यालय में राजभाषा संबधी बैठक या अन्य सूचना संबंधी सरकुलर की फोटो प्रति काफी संख्या बांटी जाती हैं, इससे स्टेशनरी का काफी नुकसान (अपव्यय) होता है । इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिया कि जहॉ पर अति आवश्यक हो वहीं फोटो प्रति बांटी जाए बाकी सूचना हेतु कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रतिलिपि प्रदर्शित कर दी जाए । श्री संबंध में श्री हेमन्त कुमार मिश्रा और श्री अनिल कुमार खुराना को निर्देश दिया कि वे कार्यालय में जगह नियुक्त करके वहॉ प्रदर्शित (डिस्प्ले) बोर्ड लगवा दें । उसके अलावा नोटिस ई-मेल एवं व्हाटसअप ग्रुप पर भी भेजे जाएं ।

कार्रवाई : कार्यालयाध्यक्ष/प्रभारी हिंदी अधिकारी/वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ।

अंत में प्रभारी हिंदी अधिकारी ने अध्यक्ष महोदय के मार्गदर्शन एवं सुझावों के लिए आभार प्रकट किया ।

( सुखजीत सिंह )
उप-निदेशक(अभि०)/कार्यालयाध्यक्ष
कृते अपर महानिदेशक (प्रशिक्षण)

# अनुलग्नक - I

राष्ट्रीय प्रसारण एवं मल्टीमीडिया अकादमी की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारियों / कर्मचारियों की सूची ।

1. श्री सुमीत गोयल, उप-महानिदेशक (अभि.) - अध्यक्ष
2. श्री संदीप श्रीवास्तव, निदेशक (अभि.) - सदस्य
3. श्री सुखजीत सिंह, उप-निदेशक (अभि.) - सदस्य
4. श्री हेमन्त कुमार मिश्र, कार्यक्रम निष्पादक - सदस्य
5. श्रीमती गुंजन प्रिया, कार्यक्रम निष्पादक - सदस्य
6. श्री अभय कुमर, सहायक अभियंता - सदस्य
7. श्री अनिल कुमार खुराना, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी - सदस्य
8. श्री दरविन्दर कुमार, मुख्य लिपिक - सदस्य
9. श्री विजय कुमार टोप्पो, लेखाकार - सदस्य
10. श्री रविन्द्र कुमार सिंह, सेवानिवृत सहायक निदेशक (राजभाषा) - सदस्य
11. श्री अनिल कुमार भटनागर, पुस्तकालय एवं सूचना सहायक - सदस्य
12. श्री हरिदास अहिरवार, आशुलिपिक ग्रेड-I - सदस्य
13. डॉ० उमाशंकर सिंह, कार्यक्रम अधिशासी / प्रभारी हिंदी अधिकारी - सचिव